हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि


रायपुर, शनिवार 27 अप्रैल 2024




## भिलाई सुपर-30 बैच से 30 स्टूडेंट में से 27 स्टूडेंट JEE में सफलता हासिल किए

भिलाई। भिलाई सुपर-30 बैच से 30 स्टूडेंट में 27 स्टूडेंट में JEE-Mains में चयन हुए जिसमें निखिल तिवारी 99.26 % ile भूपेन्द्र 98.93 % ile शैलेष गुप्ता 98.03 % ile इसी तरह रुद्रेश सिंग, आर्यन वर्मा, हर्ष, सिद्धार्थ, दीपक मिश्रा, सृष्टि, संतोषी भोई, यश देवांगन ने 90 % ile से ऊपर लाकर संस्था व पूरे प्रदेश का नाम रौशन किया है। बाकी स्टूडेंट 80 % ile से ऊपर है। इन सभी स्टूडेंट को संस्था की ओर से बहुत-बहुत बधाई एवं इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। छात्र व छात्राएं इसका श्रेय माता-पिता का सहयोग व शिक्षकों का सभी मार्गदर्शन को दिया है। सुपर-30 में सभी 30 स्टूडेंट को निःशुल्क पढ़ाया जाता है जो कि छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। सुपर-30 में जाने की नामांकन की प्रक्रिया चयनित परीक्षा के द्वारा होती है। जो ऑनलाईन व ऑफलाइन के माध्यम से परीक्षा दे सकते हैं। इसकी परीक्षा तिथि 1 मई 2 मई व 3 मई को ऑनलाइन व ऑफलाइन पूरे प्रदेश व देश के स्टूडेंट दे सकते हैं। चयनित छात्रों को भिलाई शाखा में निःशुल्क पढ़ाया जाएगा। सुपर-30 में 30 छात्र IIT-JEE व 30 छात्र NEET के बच्चों का चयन कर पढ़ाया जाता है। बच्चों को IITIANS व Doctors की टीम द्वारा IIT व NEET की तैयारी पिछले वर्ष से छत्तीसगढ़ में कराया जा रहा है। इसका लाभ लेने के लिए छात्रों को Online व Offline परीक्षा देना पड़ेगा। चयनित छात्र में IIT-JEE व NEET के 30-30 छात्रों को आनंद कुमार के मार्गदर्शन में निःशुल्क पढ़ाया जाएगा। हमारी इस संस्थान में हॉस्टल सुविधा उपलब्ध है। छात्र व छात्रों को समय-समय पर मोटिवेशनल क्लास भी कराई जाती है जिससे छात्रों में कैरियर के बारे में जानकारी दी जाती है। भिलाई सुपर-30 ब्रांच : 58-ए मार्केट सेक्टर-10 में हमारी शाखा संचालित हो रही है। अधिक जानकारी के लिए 7880168887 पर संपर्क कर जानकारी ली जा सकती है।

भिलाई सुपर-30 के टॉपर छात्र



NIKHIL TIWARI 99.26 % ile | Abhijeet Singh 97.56 % ile | Somesh Kr. Singh 97.41 % ile | Deepak Mishra 95.93 % ile | Aryan Verma 95.01 % ile

Advt.


| कुल मतदान | राजनांदगांव | कवर्धा | पंडरिया | खैरागढ़ | डोंगरगढ़ | डोंगरगांव | खुज्जी | मोहला-मानपुर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 77% | 77% | 73% | 73% | 77% | 80% | 81% | 79% | 77% |

### बुजुर्ग-दिव्यांग सहित युवाओं में दिखाई दिया जोश, पिछले साल के मुकाबले देर शाम तक एक फीसदी अधिक मतदान

# तपती धूप में दिखा मतदाताओं का उत्साह, 77% वोटरों ने चुना अपना सांसद, लोस सीट में मतदान के पुराने सभी रिकार्ड ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

*दुर्ग से अलग होकर 1957 में बनी राजनांदगांव लोकसभा सीट में अब तक कुल 17 मतदान हो चुके हैं। इन सभी मतदान में मतदाताओं के वोटिंग के मामले में 2024 का चुनाव सबसे आगे पहुंच गया है। पुराने सभी रिकार्ड ध्वस्त करते हुए पहली बार राजनांदगांव लोकसभा सीट में 77 फीसदी मतदाताओं ने मतदान किया है। इससे पहले सर्वाधिक मतदान 2019 के चुनाव में हुआ था, जब 76.15 फीसदी मतदाताओं ने मतदान किया था।*

उल्लेखनीय है कि देशभर में जारी लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में प्रदेश की तीन लोकसभा सीट पर मतदान शुक्रवार को संपन्न हुआ। इन तीन सीट में शामिल राजनांदगांव लोकसभा का अगला सांसद चुनने के लिए मतदान दिवस के दिन सुबह से ही मतदाताओं में जर्बदस्त उत्साह देखने को मिला। 41 डिग्री तापमान होने के बावजूद वनांचल से लेकर शहरी इलाकों तक मतदाताओं ने कतार में लगकर अपने मताधिकार का उपयोग किया। सुबह 7 बजे मतदान शुरू होने से पहले ही लगभग बूथों के बाहर वोट करने के लिए लोगों की लाईन लग चुकी थी। बुजुर्ग मतदाताओं से लेकर दिव्यांग, महिलाएं सहित युवा मतदाताओं की अच्छी खासी संख्या देखने को मिली। लोकसभा क्षेत्र में देर शाम तक आए आंकड़ों के अनुसार कुल 73 फीसदी मतदान हुआ है, लेकिन फाईनल आंकड़े के 77 फीसदी से अधिक रहने की संभावना जताई जा रही है। विस्तृत आंकडे देर रात तक सामने आएंगे।

आंकड़ों की बात कही जाए तो अभी तक की स्थिति में कवर्धा और पंडरिया में सबसे कम वोटिंग हुई है। वहीं सर्वाधिक 81 प्रतिशत मतदान डोंगरगांव में हुई है। हालांकि छह महीने पहले हुए विधानसभा चुनाव के मुकाबले सभी सीटों में इस बार भी मतदान करने वाले लोगों की अच्छी संख्या देखने को मिली। लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में से पांच में अधिक मतदान दर्ज किया गया।

हालांकि इस बीच कुछ मतदान केंद्रों में ईवीएम नहीं काम करने की शिकायतें भी सामने आई। मशीन खराब होने से कई मतदान केंद्रों में वोटिंग करने पहुंचे मतदाताओं को भी कुछ देर इंतजार करना पड़ा। हालांकि पूरे लोकसभा क्षेत्र में कहीं भी कोई बड़ी घटना देखने को नहीं मिली है। इधर शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए प्रशासन ने भी पूरा जोर लगा दिया था। सुबह से ही प्रशासन के आला अफसर अलग-अलग बूथों में पहुंचकर व्यवस्था की जांच करते रहे।





### किस वर्ष कितना हुआ मतदान

| | |
|---|---|
| 2019 | 76.15% |
| 2014 | 74.05% |
| 2009 | 58.86% |
| 2004 | 00.00% |
| 1999 | 59.37% |
| 1998 | 63.98% |
| 1996 | 53.93% |
| 1991 | 46.50% |
| 1989 | 61.33% |
| 1984 | 56.10% |
| 1980 | 49.53% |
| 1977 | 55.56% |
| 1971 | 51.21% |
| 1967 | 48.00% |
| 1962 | 45.00% |
| 1957 | --.--% |

### मतदान करने में बुजुर्ग नहीं रहे पीछे

मतदान करने में बुजुर्ग मतदाता किसी से पीछे नहीं रहे। उन्होंने मतदान कर सहभागिता निभाई। बुजुर्ग मतदाता अपने परिवार के साथ मतदान केन्द्र मतदान करने पहुंचे। बुजुर्गों के लिए वृद्धावस्था भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने में बाधा नहीं बनी। स्कॉउट-गाईड के बच्चों ने भी मतदान करने पहुंचने वाले बुजुर्ग मतदाताओं मदद की।

### ओआरएस घोल एवं शरबत की भी रही व्यवस्था

गर्मी को ध्यान में रखते मतदान केन्द्रों में छांव के साथ पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था थी। गर्मी से राहत देने मतदान केन्द्र क्र. 12-चौथना में मतदाताओं को शरबत, मठा का वितरण भी किया गया। डोंगरगांव के मतदान केन्द्र क्र. 210-माथलडबरी, मतदान केन्द्र क्र. 225-खुज्जी सहित जिले के अन्य मतदान केन्द्रों में ओआरएस घोल कार्नर में मतदाताओं को ओआरएस घोल दिया गया।



### रस्मों से पहले मतदान करने पहुंचे दूल्हा-दुल्हन


लोकतंत्र के महोत्सव में शादी की रस्मों से पहले दूल्हा-दुल्हन मतदान केन्द्रों में अपना मतदान देने पहुंचे। बारात जाने के पहले दूल्हा राजा चिमन कुमार साहू ने डोंगरगांव ब्लॉक के मतदान केन्द्र क्र. 170-बनहरदी में मतदान किया। बारात जाने के पहले दूल्हे राजा दुर्गेश साहू एवं मनाऊ साहू ने मतदान केन्द्र क्र. 235-रातापायली में मतदान किया। डोंगरगांव विकासखंड के मतदान केन्द्र 220 कोहका में दूल्हे राजा उमेश कुमार कुंभकार एवं डेविड कुंभकार बारात जाने से पहले मतदान करने पहुंचे। भगवती यादव अपने हल्दी के वैवाहिक रस्मों से समय निकालकर मतदान करने विधानसभा खुज्जी अंतर्गत मतदान केन्द्र 35-छुरिया पहुंची। बारात जाने से पहले दूल्हा इंद्रकुमार वैष्णव आदर्श मतदान केन्द्र 176-ढारा पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### सेल्फी जोन में युवाओं ने ली तस्वीरें

लोकसभा निर्वाचन में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने तथा निर्वाचन को उत्सव के रूप में मनाने के उद्देश्य से जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में 5-5 आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए थे। सभी आदर्श मतदान केन्द्रों में थीम के आधार पर से सेल्फी पॉइंट बनाए गए थे। मतदाताओं ने सेल्फी पॉइंट में मतदान के बाद सेल्फी लेकर खुशी जाहिर की।










जिला एसपी मोहित गर्ग ने भी अपने परिवार के साथ मतदान किया। इसके बाद उन्होंने जिले के अलग-अलग बूथ पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था भी देखी।

### शांतिपूर्ण मतदान, घटना नहीं

राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में तीन सौ से अधिक मतदान केंद्र संवेदनशील की श्रेणी में रखे गए थे। मोहला-मानपुर, कवर्धा के कुछ इलाकों के साथ ही खैरागढ़ जिले के भी कुछ बूथ नक्सल प्रभावित हैं, ऐसे में इन इलाकों में अधिक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। हालांकि इस चुनाव में मतदान के दिन किसी भी प्रकार की नक्सल घटना के साथ ही कोई बड़ी घटना देखने को नहीं मिली। सभी बूथों में जिला पुलिस बल के साथ ही केंद्रीय बल ने भी मोर्चा संभाले रखा।

### होगी जीत



मतदाताओं के चेहरे में जो उत्साह दिखा है उससे साफ है कि मेरी एकतरफा जीत होगी। जनता ने पूरे चुनाव अभियान में मेरा साथ दिया, इसके लिए आभार और धन्यवाद।

**-भूपेश बघेल,** कांग्रेस प्रत्याशी

### मिला आशीर्वाद



जनता का मुझे एक बार फिर आशीर्वाद मिला है। नांदगांव की उपेक्षा करने वाले कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल को जनता ने नकार दिया है। भाजपा की होगी जीत।

**- संतोष पांडे,** भाजपा प्रत्याशी

### देर शाम तक लगी रही कतार

मतदान दिवस से पहले तक गर्मी को देखते हुए ऐसी संभावनाएं जताई जा रही थी कि इस बार कम मतदान देखने को मिल सकता है, लेकिन मतदाताओं ने अपने जोश से इन बातों को नकार दिया। सुबह से ही मतदान केंद्रों के बाहर वोटरों की लंबी कतारें देखने को मिली। देर शाम भी यही नजारा अधिकांश बूथों में रहा। शाम 6 बजे से पहले मतदान केंद्र पहुंचने वाले वोटरों से भी मतदान कराया गया। लोग भी अपनी बारी आने का इंतजार करते मतदान केंद्रों में दिखे।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल निर्वाचन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने मतदान केन्द्रों में पहुंचकर मतदान कार्य का निरीक्षण करते रहे और मतदान कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

# कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोकसभा चुनाव के दौरान टेडेसरा में आज भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने कहा कि टेडेसरा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके साथ धक्का-मुक्की की। वहीं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने यह आरोप लगाया कि श्री बघेल अपने सौ समर्थकों के साथ मतदान केंद्र में प्रवेश कर रहे थे, जब कार्यकर्ताओं ने उन्हें रोका तो कांग्रेसियों ने महिलाओं के साथ मारपीट की। इस घटना को लेकर टेडेसरा में दिनभर तनाव की स्थिति निर्मित रही।

मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व सीएम श्री बघेल अपने समर्थकों के साथ आज दोपहर जैसे ही टेडेसरा पहुंचे, बूथ के सामने भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें रोक दिया। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना था कि श्री बघेल अपने साथ सौ समर्थकों को भी बूथ में ले जा रहे थे। श्री बघेल को रोकने के बाद टेडेसरा के सरपंच के बेटे ने भाजपा की कुछ महिला कार्यकर्ताओं के साथ हाथापाई कर दी। इस बीच श्री बघेल की सुरक्षा में लगे जवानों ने उन्हें बूथ के अंदर प्रवेश कराया। पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल का कहना है कि जब वे अंदर प्रवेश कर रहे थे तो उनके साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने झुमाझटकी की। इस घटना को लेकर दोनों ही दल के नेता मौके पर पहुंचे। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू का कहना है कि भाजपा कार्यकर्ता श्री बघेल को रोक रहे थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किसी के साथ कोई मारपीट नहीं की है। इधर भाजपा नेता मूलचंद भंसाली का कहना है कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महिलाओं की पिटाई की।

### भाजपाई ने लिखवाई एफआईआर

इस मामले में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमनी थाना पहुंचकर एफआईआर भी दर्ज करा दी है। भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेसी नेताओं द्वारा की गई मारपीट पर पुलिस ने जुर्म कायम किया है।

### कांग्रेस ने की कलेक्टर से शिकायत

इस घटना के बाद कांग्रेस के नेताओं ने कलेक्टर संजय अग्रवाल से मुलाकात कर इस मामले की शिकायत दर्ज कराई है। प्रशासन ने मामले में जांच के आदेश जारी कर दिए है। कांग्रेस ने फिलहाल थाना में शिकायत नहीं की है।


संजीवनी
राजनांदगांव का एकमात्र
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री रोग विभाग
Dr. Siddhi Sainik
MBBS, MD, Obstetrics, Gynecology
उपलब्ध सुविधाएं...
+ सभी उच्च जोखिम वाले गर्भधारण का प्रबंधन
+ सुरक्षित और सफल गर्भावस्था देखभाल
+ सामान्य प्रसव/दर्द रहित प्रसव और सीजेरियन जन्म
+ लैप्रोस्कोपी और कैंसर सहित गाइन सर्जरी
+ बांझपन का उपचार, + हिस्ट्रोस्कोपी
+ स्त्री रोग संबंधी सभी विकारों का उपचार
+ चिकित्सा और शल्य चिकित्सा संबंधी विकार
OPD : 1 PM to 5.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365





अधिकृत विक्रेता : जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
शाखा - जी. ई. रोड राजनांदगांव, मेन रोड अं. चौकी
मो. 9977184777, 8120006476, सर्विस - 8120006480, 8120001601






## लोकतंत्र के महापर्व में सहभागी बने मतदाता, युवाओं ने जमकर किया अपने अधिकार का प्रयोग

# सुबह से बूथों में लगी कतार, शाम तक रिकार्डतोड़ मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

लोकतंत्र के इस त्यौहार में डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बूथा में प्रातः 7 बजें से मतदान आरंभ हुआ। ग्रामीण क्षेत्र के लगभग 150 से अधिक बूथों में दोपहर 12 बजे तक अधिकतम 30 प्रतिशत एवं कई बूथों में 15 से 20 प्रतिशत मतदान होने की जानकारी सामने आई। शहरी क्षेत्र में 12 बजे तक लगभग 30 प्रतिशत तक मतदान का आंकड़ा सामने आया है। शहर में बदली देखा गया लेकिन उमस के चलते मतदाताओं के उत्साह में कमी देखने मिला। गर्मी के चलते बूथों में खडे. मतदाता परेशान नजर आए। नक्सल प्रभावित घोटिया, तोतलभर्री में मतदान को लेकर ग्रामीणों में उत्सुकता नजर नहीं आई। प्रशासनिक अमला के अपील करने के बाद मतदाता घर से मतदान करने निकले।

### भाजपा में उत्साह

मतदान के दौरान बूथों के बाहर भाजपा कार्यकर्ताओं की खासी भीड़ देखने को मिली वहीं कांग्रेस का पंडाल खाली नजर आया। शहर में मतदान की शुरूआत से तेजी देखने नहीं मिला किन्तु भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश देखने मिला। बुथ क्रमांक 158 बधियाटोला में 1 बजे तक लगभग 70 प्रतिशत मतदान हो चुका था। समाचार लिखे जाने तक ठेठवार पारा बूथ क्रं. 152 में 60 प्रतिशत तक मतदान होने की जानकारी मिली। वार्ड 9 में हैदारबाद में निवासरत मंगला ने मोदी को वोट देने के लिए डोंगरगढ़ पहुंचकर मतदान किया।

### वयोवृद्ध पहुंची मतदान करने

अछोली निवासी 91 वर्षीय अनिता सन्याल ने अपने पुत्र के साथ बूथ में पहुंचकर मतदान किया। इसी प्रकार पूर्व मंत्री धनेष पटिला, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर परिजनों के साथ मतदान किया साथ ही लोगों से मतदान करने की अपील की।

### बैंड बाजा के साथ मतदान करने पहुंचा दुल्हा



**बांधाबाजार।** कोहका में एक दूल्हा ने बाराती और बैंड बाजा के साथ मतदान केंद्र पहुंच कर मताधिकार का उपयोग किया। उनका पूरा परिवार मतदान करने के बाद दुल्हन के घर के लिए रवाना हुए।



## पारा के साथ चढ़ते और उतरते गया मतदान



**डोंगरगांव।** लोकतंत्र के महापर्व में मौसम का असर देखा गया। सूरज की तपन बढ़ने और घटने के साथ बूथों में मतदाताओं की संख्या घटते और बढ़ते रही। मतदान के दौरान विधानसभा मुख्यालय सहित ग्रामीण बूथों कई दिलचस्प नजारे भी देखने मिले। शहर से लगे मटिया में बूथ के पट खुलने के पहले मतदाताओं की लंबी कतार लग गई थी वहीं कई बूथों में बारात जाने के लिए सजे दुल्हा मतदान करने पहुंचे तो दुल्हनें भी सात फेरे लेने के पहले अपना राष्ट्रीय दायित्व निभाने में पीछे नहीं रही। शुक्रवार को विधानसभा मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र के बूथों में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया आरंभ हुई। अधिकांश बूथों में सूरज की तपन से बचने के लिए बड़ी संख्या में मतदाता मतदान करने पहुंचे। सुबह 10 बजे के आसपास गरमी बढ़ने के बाद मतदाताओं की संख्या में कम होते गई और फिर ऐसा भी दौर आया कि बूथों में मतदाताओं से ज्यादा दल के कर्मचारी और राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता ही दिखाई देने लगे थे। जानकारी के अनुसार सुबह 11 बजे तक विधानसभा क्षेत्र के 35 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं अपरांह तीन बजे तक मतदान का आंकड़ा 59 प्रतिशत तक पहुंच गया। तेज गरमी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सभी बूथों ओआरएस का घोल रखा था वहीं मतदाताओं के लिए ठंडे पानी का भी इंतजाम निकाय और पंचायतों ने किया था। मतदान के दौरान युवाओं में खासा उत्साह देखने मिला वहीं उम्रदराज लोग भी शारीरिक शिथिलता के बाद मतदान करने में पीछे नहीं रहे। जिला पंचायत सदस्य और भाजपा नेत्री जागृति चुन्नी यदु ने मतदान के बाद कहा कि मतदाताओं ने वोट डालने में जिस तरिके से रुचि दिखाया है उससे साफ है कि वह मोदी सरकार के काम काज से संतुष्ट हैं और उन्होंने नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए मतदान किया है।

### प्रथम मतदाता को भेंट में दिया पौधा



**डोंगरगांव।** मतदान केन्द्र में मतदान करने पहुंचे प्रथम मतदाता को भोज साहू ने हर्रा का पौधा देकर सम्मानित किया। उन्होंने प्रथम मतदाता को पर्यावरण संरक्षण करने के लिए संकल्पित करवाया। इस दौरान सीएमओ दादूसिंह पाल, एबीईओ रश्मि ठाकुर ने मतदाताओं को गुलाल लगाकर और पुष्पा माला पहनाकर स्वागत किया।

### सुबह छह बजे लगी कतार



**घुमका।** शुक्रवार को तहसील क्षेत्र के 93 मतदान केन्द्रों में चुनई तिहार मनाया गया। ग्राम के मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की सुबह 6 बजे से लाइन लगना शुरू हो गया था। सुबह 7 बजे मतदान शुरू हुआ। शाम 5 बजे तक 70 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। सचिव धनेन्द्र सुलाखे ने बताया कि ग्राम में कुल 3322 मतदाता है। मतदान के लिए तीन केन्द्र बनाए गए थे। मतदान केन्द्र में दिव्यांगों के लिए दिव्यांग रथ एवं व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई थी। तहसीलदार सोनित मेरिया ने बताया तहसील क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान हुआ। टीआई विनय कुमार पम्मार ने बताया कि थाना क्षेत्र के 49 मतदान केन्दों की लगातार पेट्रोलिंग कर मतदान पर नजर रखा गया।

## गर्मी को नजर अंदाज कर वोट डालने पहुंचे वोटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया



शुक्रवार को चुनाव में मतदाताओं ने अपने मताधिकार का जमकर प्रयोग किया। दोपहर को चिलचिलाती धूप होने के बाद भी मतदाता घर से निकलकर मतदान करने पहुंचे। मतदान के एक दिन पहले केन्द्र में मतदान दल ने पहुंच कर सभी तैयारियां पूर्ण कर लिया था। शुक्रवार को सुबह से बूथ में कतार लगना शुरु हो गया था। मतदान केन्द्र सड़क अतरिया, चकनार में मतदान शुरु होने से एक घंटा पहले ही मतदाताओं की लाईन लग गई थी। सुबह 11 बजे तक 45 फिसदी तथा अपरान्हे 3 बजे तक मतदान केन्द्र खैरा नवापारा, चकनार, सड़क अतरिया, घिरघोली, संड़ी, ओटेबंद, जंगलपुर, बेलगांव, जीराटोला, मानपुर, गुमानपुर, खैरबना, कुकुरमुड़ा, पंडरिया, भर्दा में 60 फीसदी से अधिक लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया था।

### पूर्व विधायक ने किया मतदान

पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने परिजनों के साथ मतदान केन्द्र क्रमांक 122 प्राथमिक शाला घिरघोली में जाकर मतदान किया। मतदान केन्द्र क्रमांक 114 ग्राम पंचायत पंड़रिया में 102 वर्षीय वृद्ध देवली बाई जंघेल ने मतदान केन्द्र पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान केन्द्र क्रमांक 36 प्राथमिक शाला भदेरा में गीतांजली जंघेल ने सात फेरे लेने से पहले मतदान किया। शुक्रवार को उसकी बारात आई थी। बालिका ने वैवाहिक कार्य एवं फेरा लगाने से पहले केन्द्र पहुंच कर मतदान किया।

### नए मतदाताओं में उत्साह

आम चुनाव में पहली बार अपने मतदाने करने वाले मतदाता में खासा उत्साह देखने मिला। मतदान केन्द्र चकनार में पहली बार मतदान करने के बाद युवतियां काफी उत्साहित दिखाई दी। घिरघोली मतदान केन्द्र में पैर से दिव्यांग वृद्ध देवकी मेश्राम ने मतदान किया। इसी प्रकार प्राथमिक शाला घिरघोली में 85 वर्षीय पंच कुंवर बाई भी मतदान करने में किसी से पीछे नहीं रही।

### दोपहर को पसरा सन्नाटा

सुबह से मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की भीड़ दिखाई दिया। वही सड़क अतरिया, मानपुर सहित अन्य केन्द्रों में चिलचिलाती धूप के कारण दोपहर को सन्नाटा पसरा रहा। शाम को फिर भीड़ दिखाई दी। शुक्रवार को लोकसभा चुनाव एवं विवाह का मुहुर्त होने के कारण मार्ग पर काफी कम बस थी। अधिकांश यात्री बसों को चुनाव के लिए अधिग्रहित कर लिया गया था तो कुछ बसे बरात ले जाने के लिऐ बुक हो गई थी। सड़क पर बहुत कम बसे चली जिससे यात्रियों को गंतव्य तक आने जाने के लिए भटकना पड़ा।

### पूर्व विधायक ने लिया जायजा

पूर्व विधायक कोमल जंघेल मतदान करने का पश्चात विभिन्न बूथों मे कार्यकर्ताओ से मिलने और व्यवस्था देखने पहुंचे। उन्होंने मुरई, पुरैना, सीताडबरी, मैन्हर, बुंदेली, जोम, नवागांव लोधी, खपरी दरबार, पद्मावतीपुर, सिलपट्टी, गोपालपुर , छुईखदान नगर पहुंच क्रर कार्यकर्ताओं से हालचाल जाना तथा मतदान की जानकारी लिया।

### नए वोटरों का स्वागत



निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सभी मतदान केन्द्र में छाया, पेयजल, कुर्सी आदि की व्यवस्था किया गया था। कुछ केन्द्रों में पहली बार मतदान करने पहुंचे मतदाताओं का ताली बजाकर स्वागत किया गया। इस चुनाव में मतदान करने में महिलाओं में ज्यादा उत्साह देखने को मिला। ज्यादातर बुथ में पुरुषो की अपेक्षा महिलाओं की लंबी कतार सुबह से देखने मिली। छईखदान ब्लाक के पैलीमेटा की प्राथमिक शाला को आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया था। केन्द्र में आकर्षक प्रवेश द्वार बनाकर सजाया गया था। द्वार पर रंगोली बनाकर मतदान के लिए प्रेरित किया गया। आदर्श मतदान केन्द्र में मतदान शुरु होने से पहले पहुंचे करीब 50 मतदाताओं को तिलक लगाकर माला पहनाया गया। पुष्पा वर्षा कर स्वागत किया गया।


### दुल्हनिया लाने के पहले मतदान

शुक्रवार को मतदान के दिन विवाह का मुहुर्त भी था। ग्राम कुकुरमुडा में दूल्हा बारात निकलने से पहले मतदान करने बैंड बाजा के साथ मतदान केन्द्र पहुंचा और मतदान किया। मतदान केन्द्र चकनार में दुल्हा अकेश जंघेल ने बारात लेकर जाने के पहले मतदान केन्द्र पहुंच कर मतदान किया। मतदान करने के बाद वाहन की पूजा अर्चना कर दुल्हन लाने रवाना हुआ। कनार, सड़क अतरिया मतदान केन्द्र में भी मतदान करने दुल्हा पहुंचा।

### संभावित हार से तिलमिला रही भाजपाः भूपेश

मतदान के अंतिम समय पर कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल मतदान केन्द्र क्रमांक 120 सड़क अतरिया पहुंचे तथा मतदाताओं से मुलाकात कर हाल चाल जाना। बघेल ने एक सवाल के जवाब में कहा कि मतदान के बाद भाजपा हार से आशंकित होकर तिलमिला रही है। उन्होंने कहा कांग्रेस जीत को लेकर आश्वस्त हैं। इस मौके पर विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा, मोतीलाल जंघेल, नीलाम्बर, गजेन्द्र ठाकरे, रामकुमार पटेल, अशोक जंघेल, विनोद ताम्रकार, हेमंत वैष्णव, संतोष यदु, कोसन कोहरे, देवकुमार जंघेल, विष्णु जंघेल, ओम प्रकाश जंघेल आदि मौजूद थे।





## उल्लास से मनाया हनुमान जन्मोत्सव



**बोइरडीह।** खैरागढ़ विकासखंड की ग्राम पंचायत बोईरडीह में जय हनुमंते मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुबह भगवान हनुमान के अभिषेक बाद विधि विधान से पुजा अर्चना किया गया। समिति के लोगों सहित भक्तों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। दोपहर को रामायण की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर बालमुकुंद वर्मा, दुर्योधन वर्मा, संतराम वर्मा, राम अवतार, राधेलाल, मनोहर वर्मा, संतोष वर्मा ,जगन्नाथ, शंकरलाल, मंथिरदास, भूपेंद्र, राकेश, मुरली, भुवन वर्मा, ताराचंद वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

हरिभूमि पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टॉन्सिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Man Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133






## मतदाताओं का छलका उत्साह, मतदान केंद्रों में जमकर बरसे वोट

लोकतंत्र के उत्सव में सभी मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सुबह से ही मतदाता घरों से निकलकर मतदान केंद्र पहुंचने लगे थे। भीषण गर्मी के बीच भी कतार लगाकर अपनी-अपनी बारी का इंतजार कर मतदान करने में व्यस्त रहे। इस दौरान मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। विशेषकर नए मतदाताओं की मतदान करने की उत्सुकता देखते ही बनती थी। देर शाम तक मतदान केंद्रों में मतदाताओं की भीड़ उमड़ी रही। संसदीय क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में मतदान का महत्व देखते ही बनता था। सुबह और शाम के समय ग्रामीण बूथों में मतदाताओं की सर्वाधिक भीड़ रही। जानकारी के अनुसार शाम 6 बजे तक 77 प्रतिशत तक मतदान होने की खबर है।
















# बीहड़ इलाके में बदला ट्रेंड, ऐतिहासिक 76 प्रतिशत मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाता अब जाग चुके हैं। चुनाव में 76 प्रतिशत मतदान दर्ज किए गए हैं। मतदान को लेकर ऐसा जागरूकता कि दूल्हा बारात लेकर मतदान करने पहुंचा तो कहीं विदाई से पहले दुल्हन। समारोह के माफिक मतदान केंद्र सजाए गए, जहां आज आदिवासी, अनुसूचित जनजाति क्षेत्र के युवा, युवती, महिला, पुरूष, बुजुर्ग मतदाताओं ने बड़े पैमाने पर अपना मत का प्रयोग कर देश का भविष्य चुना है।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत मोहला-मानपुर विधानसभा क्षेत्र में 76 प्रतिशत का सफल ऐतिहासिक मतदान का आंकलन किया गया है। विधानसभा क्षेत्र में 237 मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे, जहां कलेक्टर एस. जयवर्धन के नेतृत्व व एसपी यशपाल सिंह के सुरक्षा घेरे में सफलतापूर्वक चुनाव संपादन किए गए हैं। लोकतंत्र के महापर्व में जिले के मतदाताओं ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते मतदान कर लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपनी सहभागिता दिया। एक ओर जहां सामान्य ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान के प्रति रूझान देखने को मिला। वहीं वनांचल क्षेत्र में भी मतदाताओं में मतदान के प्रति उत्साह का मंजर रहा। वोटरों को प्रेरित करने बनाए गए आदर्श मतदान केंद्र, महिला मतदान केंद्र, संगवारी मतदान केंद्र, युवा मतदान केंद्र में मतदान के प्रति एक अद्भुत दृश्य देखने को मिला।



### मतदान केंद्र पर मधुमक्खियों का हमला

अंबागढ़ चौकी ब्लॉक के देवरसुर मतदान केन्द्र में अपना मताधिकार का प्रयोग करते समय मतदाताओं पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। स्कूल भवन में मधुमक्खियों ने अपना आशियाना बनाया हुआ था। मतदान के दौरान कर्मचारियों और मतदाताओं पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। जिससे काफी लोग मधु के डंक से घायल हुए हैं। अफर-तफरी के बीच मतदान केन्द्र को कुछ देर के लिए बंद करते शिथिल कर दिया गया। बाद में मधुमक्खियों के खतरे के बीच मतदान संपन्न हुआ।

### मतदान दल सकुशल वापस लौटे



विधानसभा क्षेत्र क्र. 78 मोहला-मानपुर व खुज्जी के मतदान संपन्न होने के उपरांत मतदान दल भारी सुरक्षा के बीच सकुशल वापस लौट गए हैं। विधिवत सामग्री को निर्धारित केन्द्र शासकीय लाल श्याम शाह महाविद्यालय में खबर लिखे जाने तक जमा करने की प्रक्रिया संचालित थी।

### अधिकारियों ने किया मताधिकार का प्रयोग

मोहला-मानपुर कलेक्टर एस. जयवर्धन ने आज मतदान दिवस पर मोहला के बाजार चौक स्थित प्राथमिक शाला मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कलेक्टर ने यहां मतदान कर जिले के मतदाताओं को मतदान करने का संदेश दिया।

### जिला रहा सील

लाल आतंक के नाम पर पूरे भारतवर्ष में आठवें स्थान पर दर्ज मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के बॉर्डर जिला कांकेर बस्तर, गढ़चिरौली महाराष्ट्र सीमा को सील कर दिया गया था। नक्सली लोकसभा चुनाव को लेकर किसी तरह का बैनर-पोस्टर तक चस्पा नहीं कर पाए। पूरी शांति व्यवस्था के बीच चुनाव संपादित हुआ है।

- **यशपाल सिंह**, एसपी, मोहला-मानपुर




# नांदगांव का युवक शबरी नदी में डूबा

**राजनांदगांव।** सैर-सपाटे के लिए दोस्तों के साथ बस्तर गए राजनांदगांव का युवक शबरी नदी में डूब गया है। इस युवक को नदी में ढूंढने के काम में एसडीआरएफ और पुलिस के गोताखोर लगातार लगे हुए हैं। युवक का अब तक पता नहीं चल पाया है। नगरनार थाना के टीआई टामेश्वर चौहान ने बताया कि अभिषेक उत्केल अपने कुछ दोस्तों के साथ बस्तर घूमने गया था। चित्रकोट वाटर फॉल की सैर करने के बाद सभी युवक गुरुवार की शाम बस्तर के नगरनार क्षेत्र में शबरी नदी के पिकनिक स्पॉट गणेश बहार को देखने पहुंचे थे। नदी में नहाने के दौरान अभिषेक शबरी नदी के गहरे पानी में चला गया और डूब गया। दोस्तों ने उसे ढूंढने की काफी कोशिश की, जब अभिषेक का पता नहीं चल पाया, तब दोस्तों ने नगरनार थाना में जानकारी दी। एसडीआरएफ के सेनानी एस. मार्बेल को सूचना देकर टीआई टामेश्वर चौहान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। एसडीआरएफ की टीम भी पहुंच गई। पुलिस ने खोजबीन शुरू की। शुक्रवार को भी पूरे दिन सर्चिंग अभियान चलाया गया, मगर अभिषेक का पता नहीं चल पाया है।









### चुनाव: मतदाताओं ने अपनी ऊंगलियों में सजाई लोकतंत्र में आस्था की अमिट स्याही

# चुनाव करने उमड़ी भीड़, 73 प्रतिशत से अधिक मतदान का अनुमान

**जिले की पंडरिया तथा कवर्धा विधानसभा में लोकसभा के लिए महिला वोटरों ने अपने घरों से निकलकर किया जमकर मतदान, मतदान केन्द्र में पुरूष मतदाताओं से ज्यादा महिला वोटर देखे गए।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले कि कवर्धा तथा पंडरिया विधानसभा में शुक्रवार को लोक सभा के द्वितीय चरण के तहत हुआ मतदान शांतिपूर्ण ढंग से निपट गया। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के लिए निर्धारित प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बिना किसी व्यवधान के मतदान प्रक्रिया जारी रहीं। कहीं से कोई अप्रिय घटना की खबर नहीं मिली है। देरशाम निकलकर आए आंकड़ों के मुताबिक जिले की कवर्धा तथा पंडरिया विधानसभा में 73 प्रतिशत से अधिक मतदान होने की संभावना जताई जा रही है। मतदान को लेकर समूचे अंचल में सुबह से ही खासा माहौल देखा गाया। लोगों की उत्सुकता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सुबह से ही दोनों ही विधानसभाओं के ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में मतदताओं की भीड़ जुटना शुरू हो गई थी।

मतदान प्रक्रिया प्रारंभ होते ही जहां धीमी गति से कामकाजी लोगों ने मतदान केन्द्रों में पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया वहीं 11.00 बजे के बाद चौका चूल्हा से निवृत्त होकर महिलाओं, युवाओं सहित अन्य वर्गो के मतदताओं की भीड़ भी मतदान केन्द्रों में उमडने लगी। दोपहर होते-होते प्रायः सभी मतदान केन्द्रों में मतदताओं की लम्बी कतारे देखी गई। लोकतंत्र के इस महायज्ञ में मतों की आहूति डालने में वे लोग भी पीछे नहीं रहे जो शारीरिक रूप से लाचार हैं या उम्र के आखरी पड़ाव की लाचारी से जूझ रहे है। इन लोगों ने लोकतंत्र के प्रति अपनी गहरी आस्था को प्रकट करते हुए एन केन ढंग से मतदान केन्द्रों में पहुंचकर मतों की आहूती डाली और अपने लिए सांसद का चुनाव किया।

हालांकि ऐसे दिव्यांग लोंगों के लिए इस बार चुनाव आयोग ने मतदान केन्द्रों में विशेष व्यवस्थाएं कर रखी थी। इसी बीच मतदान केन्द्र कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में डॉ. रमन सिंह व उनके पुत्र अभिषेक सिंह सहित उनके परिवार के अन्य सदस्यों ने बूथ क्रमांक 237 में मतदान करने पहुंचे। जिले के 804 मतदान केन्द्रों में शांतिपूर्ण तथा निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने निर्वाचन आयोग ने चाक चौबंध सुरक्षा के इंतजाम किए थे।

जिसके चलते किसी भी मतदान केन्द्र से कोई भी अप्रिय घटना की खबर नहीं मिली है। देरशाम निकलकर आए आंकड़ों के मुताबिक जिले की कवर्धा तथा पंडरिया विधानसभा में 73 प्रतिशत से अधिक मतदान होने की संभावना जताई जा रही है। जो इस बात का गवाह है कि मतदाताओं में अपनी ऊंगलियों में लोकतंत्र में आस्था की अमिट स्याही सजाने कितना उत्साह था। पण्डरिया विधानसभा में लगभग 71.75 प्रतिशत और कवर्धा विधानसभा में 75.54 प्रतिशत मतदान से अधिक का अनुमान लगाया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक फाईनल प्रतिशत की जानकारी नही मिल पाई।



**महिलाओं व युवाओं में उत्साह**

मतदान को लेकर महिलाओं और युवाओं में खासा उत्साह देखा गया। पुख्ता तौर पर तो नहीं पर छनकर आ रही खबर के मुताबिक जिले की दोनों ही विधानसभाओं में पुरूषों की अपेक्षा महिला मतदताओं ने मतदान में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। यहां बताना लाजमी होगा कि कवर्धा विधानसभा में पुरूष की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है, एक वजह यह भी कि मतदान केन्द्रों में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक दिखाई दी।



**शांतिपूर्ण ढंग से निपटा मतदान**

निर्वाचन आयोग तथा सुरक्षा व्यवस्था में लगी एजेंसियों व पुलिस प्रशासन की तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते जिले में मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से निपट गई। निर्वाचन आयोग ने जिले के अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों को पहले ही चिन्हांकित कर अर्ध सैनिक बल की तैनाती की थी वहीं प्रायः सभी मतदान केन्दों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

## बघर्रा में ज्योति जंवारा का उत्साह पूर्वक किया विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

विकासखंड बोड़ला के अंतर्गत ग्राम बघर्रा में जुगल भूपेश साहू के घर ज्योति जवारा का विसर्जन किया, ज्योति जवारा कुलदेवी की स्मृति में एवं परिवार एवं कुल की कल्याण के लिए जवारा कार्यक्रम रखा गया। जिसमें पांच महिलाओं ने अपने सिर में रखकर ज्योति जवारा को गांव के मुख्य गलियों में भ्रमण करते हुए तालाब में विसर्जित किया। उनके स्वागत के लिए महिलाओं के द्वारा ज्योति जवारा सर में रखे हुए महिलाओं के पैर में पानी डालते हुए दंडवत प्रणाम किया गया। वही गांव की प्रमुख मार्गो में मां दुर्गा की जय जयकार करते हुए, बाजे-गाजे के साथ ज्योति जावरा का विसर्जन उत्साह पूर्वक किया। इस प्रकार परिवार की शांति एवं सुख की मनोकामना की गई।

## कोलेगांव में दिनेश पांडेय ने अपना मत का किया प्रयोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव में सुबह से ही पोलिंग बूथ पर महिलाओं एवं पुरुष का जाना शुरू हो गया था चुनाव में काफी उत्साह देखा गया एक प्रकार की चुनाव भी एक त्यौहार के रूप में माने जाते हैं क्योंकि हम जनता की वोट देने से एक अच्छा देश का भविष्य के लिए नेता चुनते हैं, ताकि हमारे देश की रक्षा कर सके।

इस प्रकार कोलेगांव के दिनेश पांडे अपने पोलिंग बूथ में जाकर अपना मत का प्रयोग किया। व अपने देश के लिए अपने लोकतंत्र की रक्षा के लिए हम एक अच्छा नेता चुन सके जो देश में हमेशा देश की रक्षा करते रहे।

## कलेक्टर,एसपी सहित प्रशासनिक अफसरों ने किया मतदान



■ डॉ अभिषेक पल्लव, जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, संयुक्त कलेक्टर डॉ. मोनिका कौड़ो सहित अधिकारियों ने किया मतदान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कबीरधाम कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने अपनी धर्मपत्नि श्रीमती शीतल महोबे के साथ कवर्धा के गंगानगर स्थित मतदान क्रेन्द्र पहुंचकर मतदान किया। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव, जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, संयुक्त कलेक्टर डॉ. मोनिका कौड़ो, डिप्टी कलेक्टर सुश्री आकांक्षा नायक ने भी मतदान किया।

कलेक्टर सहित अन्य जिला अधिकारियों ने अपनी बारी का इंतजार किया और निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मतदान बूथ में पहुंच कर मतदान किया। कलेक्टर, एसपी सहित अधिकारियों ने मतदान के बाद सेल्फी जोन में पहुचकर अपनी सेल्फी भी ली।

मतदान के बाद कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे और पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने कबीरधाम जिले के समस्त मतदाताओं को लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए अपील भी की। मीडिया से चर्चा करते हुए कलेक्टर श्री महोबे ने कबीरधाम जिले के मतदान की स्थिति की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आज जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-71 पंडरिया और विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-72 कवर्धा में 26 अप्रैल को सुबह 07 बजे से जिले के सभी 804 मतदान केन्द्रों में शांति पूर्ण से मतदान शुरू हुआ।

## पहली बार मतदान करने आए युवाओं में दिखी खुशी की झलक




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लोकतंत्र के महापर्व में कबीरधाम जिले के युवा मतदाताओं में अभुतपूर्व उत्साह देखा गया। जिले के युवा मतदाता सुबह से ही लाईन लगाकर अपनी पारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। पहली बार मतदान करने आए युवाओं में खुशी की झलक दिखी।

आदर्श मतदान केंद्र स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में कवर्धा की भूमिका पांडेय, अंकिता पांडेय और नमिता पांडेय ने पहली बार मतदान किया। भूमिका पांडेय, अंकिता पांडेय और नमिता पांडेय पहली बार मतदान करने का अनुभव साझा करते हुए कहा कि पहली बार मतदान करने का मौका मिला है। अब हमे लोकतंत्र में अपने पसंदीता मुखिया चुनने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि हम सभी को मतदान अवश्य करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मतदान करना हम सभी कर्तव्य भी बनता है। इसके लिए मतदान जरूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहली बार मतदान कर बहुत अच्छा लगा। युवाओं पर देश का भविष्य टिका है। इसके लिए अपने वोट का प्रयोग करना भी जरूरी होता है।

## खम्हरिया में पोलिंग बूथ में जाकर वधु ने अपने विदाई से पहले वर के साथ किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा



लोकतंत्र के महापर्व में बूथ क्रमांक 179 ग्राम खम्हरिया में पूजा चंद्राकर ने अपने विदाई से पूर्व पोलिंग बूथ में जाकर वर-वधु दोनों ने एक साथ मतदान किया रीति रिवाज के बंधन को पूर्ण रूप से निभाते हुए । राष्ट्र भक्ति का परिचय देते हुए मतदान को महत्वपूर्ण समझते हुए मतदान किया। चंद्राकर परिवार बहुत ही सम्मानित व शिक्षित परिवार है । इनके पूर्व हमेशा धर्म संस्कृति और राष्ट्र के लिए समर्पित रहा है। पूजा चंद्राकर के दादा स्व बिपत राम चंद्राकर ने अपने समय में अनेक धर्म संस्कृति और राष्ट्रहित में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। चंद्राकर परिवार हमेशा से ही अपने कर्तव्य निष्ठा का पालन सत्य निष्ठा के साथ करते आए हैं । यह संस्कार उनके पूर्वजों का देन है इसी संस्कार का पालन करते हुए राष्ट्र प्रथम के उद्देश्य को अमल करते हुए। कर्तव्य पूर्ण नव विवाहित वधु पूजा चंद्राकर ने अपने विदाई से पहले सर्वप्रथम मतदान को प्राथमिकता दिया। जो कि समाज के लिए प्रेरणा का विषय है मतदान महादान है। निश्चित रूप से प्रत्येक व्यक्ति को सत्य निष्ठा के साथ मतदान निश्चित रूप से करना चाहिए। यह हम सब का परम कर्तव्य है इस अवसर पर रोशन चंद्राकर, दिलीप चंद्राकर, हरिचद चंद्राकर, सुशील निर्मलकर, पुरुषोत्तम निर्मलकर, कुमार रजक, जयराम निर्मलकर, राज सिंग चौहान सहित ग्रामवासी शामिल थें।

### नव मतदाताओं को राष्ट्र हित में मतदान करने के लिए दी बधाई

## मतदान केंद्र पहुंचीं विधायक बोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा




भावना बोहरा विधायक पंडरिया ने बूथ क्रमाक 179 मतदान केंद्र खम्हरिया में लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान महादान के उद्देश्य को लेकर पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में प्रत्येक बूथों पर शत प्रतिशत मतदान, शांति पूर्ण मतदान हो तथा मतदाताओं को सर्व सुविधा हो जिसके लिए लगातार सक्रिय रूप से पंडरिया विधानसभा के एक-एक मतदान केंद्र की चिंता करते हुए बूथ क्रमांक 179 मतदान केंद्र खम्हरिया पहुंची। मतदाताओं बीच पहुंचकर मतदाताओ से हाल-चाल जाना शत प्रतिशत मतदान हो जिसके लिए सभी से आग्रह किया। तथा उपस्थित नव मतदाताओं को पहली बार राष्ट्रहित में मतदान करने के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी। परषोत्तम निर्मलकर महामंत्री भाजयुमो मंडल कुंडा ने कहा कि हमारे पंडरिया विधानसभा का पहला विधायक है जो प्रत्येक मतदाताओं की चिंता कर रही है। और तपती धूप में लगातार संपर्क कर मतदान के विषय पर जानकारी ले रही है। ऐसे जनप्रिय जनसेविका बहुत ही सहज सरल विधायक को पाकर प्रत्येक मतदाताओं में उत्साह और उमंग तथा बहुत ही खुशी है। और यह उत्साह उमंग एक ही बात का संदेश दे रहा है, पंडरिया विधानसभा के प्रत्येक बूथों में अद्भुत रूप से राष्ट्रहित में मतदान होगा। और जो मोदी की गारंटी है, उस पर जनता विश्वास कर रहा है। निश्चित रूप से चारों ओर पंडरिया विधानसभा में माहौल है। 400 पर फिर से मोदी सरकार जो लक्ष्य है निश्चित रूप से पूर्ण होगा। और राजनांदगांव लोकसभा में कमल खिलेगा इस अवसर पर मुकेश सिंह ठाकुर भाजपा मंडल अध्यक्ष कुंडा, परषोत्तम निर्मलकर महामंत्री भाजयुमो मंडल कुण्डा, अमन खनूजा, निलेश गुप्ता मंत्री, राधेलाल निर्मलकर बूथ अध्यक्ष, जितेंद्र रजक, राजकुमार चंद्राकर, मनोहर निषाद, ओमप्रकाश निर्मलकर, संजय चंद्राकर, कुजराम निर्मलकर, नरेश यादव, रामकुमार निर्मलकर, भरतलाल निर्मलकर सहित मतदाताओं भी शामिल थें।

ज्योतिषी
पता- दीपक महाराज
Mo. 9300415345

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान
पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं
समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं
खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD| मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक| इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टॉसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयां कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## चुनावी हलचल



**कवर्धा।** पण्डरिया विधायक भावना बोहरा ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए बूथ क्रमांक 381, रणवीरपुर में अपने मताधिकार का प्रयोग किया और कहा कि समृद्ध भारत, सशक्त भारत बनाने के लिए मतदान किया। लोकतंत्र के इस महापर्व में आप भी भागीदार बनकर देश को विकसित राष्ट्र बनाने में सहयोग करें। मतदान हमारा परमकर्तव्य है और इसको पूरा करने के लिए हम सब मिलकर मतदान जरूर करें।



**कवर्धा।** पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कवर्धा के बूथ क्रमांक 237 में किया मतदान



**कवर्धा।** कबीरधाम कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी जनमेंजय महोबे ने अरपनी धर्म पन्ति श्रीमती शीतल महोबे के साथ गंगा नगर स्थित मतदान केन्द्र पहुच कर मतदान किया।



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में लोकतंत्र के इस महापर्व में दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रही है। इनकी अलग-अलग तस्वीरे भी आने लगी है। जिले की सभी मतदान केंद्रों में बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं सहूलियतों के लिए उनके मतदान केंद्रों तक पहुचाने के लिए दिव्यांग रथ की व्यवस्था की गई है, वही एनसीसी के विद्यार्थी भी मतदान केंद्रों के बूथ तक पहुचाने के लिए मेहनत कर रहे हैं।



**कवर्धा।** कबीरधाम जिले में लोकतंत्र के इस महापर्व में उत्साह और उमंग के साथ-साथ रोचक तस्वीरे भी सामने आने लगी है। बोड़ला विकासखण्ड के ग्राम मड़मडा में एक दूल्हे ने बारात जाने से पहले सीधे गांव के मतदान केंद्र पहुचा और मतदान कर सेल्फी ली और अपनी होने वाली दुल्हन को सेल्फी फ़ोटो भी भेजी। उन्हें भी सात फेरे से पहले मतदान करने के लिए मैसेज भेजा।




**कवर्धा।** जिले में दिखने लगा लोकतंत्र पर्व का उत्सव, जिले के आदर्श मतदान केंद्र ओड़यिाकला में चमरू यादव ने अपनी पारम्परिक वेश भूषा में तैयार होकर मतदान केंद्र पहुंचा और मतदान कर लोकतंत्र पर्व को सफल बनाया, इसके बाद उन्होंने सेल्फी जोन में पहुच कर अपनी सेल्फी ली औऱ ग्राम वासियो को भी मतदान करने के लिए सन्देश दिया।




### डॉ रमन सिंह ने किया मतदान

विधानसभा अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने अपने परिजनों के साथ कवर्धा के बूथ क्रमांक 237 मे किया मतदान मीडिया से चर्चा करते हुए डॉ रमन सिंह ने कहा भाजपा के प्रति माहौल है तीसरी बार मोदी जी को प्रधान मंत्री बनने से काई नहीं रोक सकता।




### विजय शर्मा ने किया मतदान

छत्तीसगढ़ राज्य के गृह मंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने मतदान करने के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए कहा की इस बार के चुनाव में मोदी की गांरटी है छत्तीसगढ़ के लोकसभा में पूरी 11 की 11 सीट भाजपा की जीतेगी।



### संतोष पांडेय ने अपने माता और पत्नि के साथ किया मतदान

कवर्धा। अपनी माता श्रीमती विद्या देवी पाण्डेय एवं धर्म पत्नि रेखा पाण्डेय तथा अपने दोनों पुत्रों के सांथ मतदान कर सेल्फी जोन में फोटो खिंचवाते हुए राजनांदगांव लोकसभा से भाजपा के सांसद प्रत्याशी संतोष पांडेय

### लोकसभा निर्वाचन 2024 : लोकतंत्र के महापर्व में मतदान को लेकर मतदाताओं में देखा गया उत्साह

# महिला और पुरुष मतदाताओं ने उमंग के साथ किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

लोकसभा निर्वाचन को लेकर मतदान दिवस 26 अप्रैल के दिन कबीरधाम जिले के कवर्धा और पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के सभी 804 मतदान केन्द्रों में लोकतंत्र के महापर्व में मतदान को लेकर मतदाताओं में अभूतपूर्व उत्साह देखा गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मतदान के समय सुबह 7 बजे से जिले के सभी मतदान केन्द्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान की प्रकिया शुरू हुई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे और पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने वनांचल सहित शहर एवं मैदानी क्षेत्रों के विभिन्न मतदान केन्द्रों में पहुंच कर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान की प्रक्रिया का निरीक्षण किया।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कबीरधाम जिले के कुल मतदान केन्द्रों के 50 प्रतिशत 402 मतदान केन्द्रों के मतदान प्रक्रिया और गतिविधियों की सीधी मॉनिटरिंग और निगरानी के लिए वेब कॉस्टिंग की गई। विधानसभा-71 पंडरिया के 197 एवं 72 कवर्धा के 205 मतदान केन्द्र वेब कांस्टिग की गई। शहरी क्षेत्र के 82 और ग्रामीण क्षेत्र के 320 मतदान केन्द्र में वेब कांस्टिग की गई। वहीं जिले के इन दोनों विधानसभा क्षेत्रों के 42 मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए थे। इनमें दोनों विधानसभा में 05-05 आदर्श मतदान केन्द्र, 10-10 मतदान केन्द्रों को महिला मतदान केन्द्र और 1-1 मतदान केन्द्र दिव्यांग और 5-5 मतदान केन्द्र को युवा मतदान केन्द्र के रूप में विशेष रूप से साज-सज्जा कर तैयार किया गया था। इन सभी मतदान केन्द्रों के मतदाताओं में भी उत्साह और उमंग देखा गया।







### जिले के दोनो विधानसभा में 73 प्रतिशत से अधिक का अनुमान

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के निर्देश पर जिले के कवर्धा और पंडरिया विधानसभा क्षेत्रों के 804 मतदान केन्द्रों की मतदान का प्रतिशत हर दो घंटे में संकलित कर रिपोर्ट तैयार की जा रही थी। सुबह 7 बजे से मतदान प्रांरभ हुआ। 9 बजे तक जिले के दोनो विधानसभा में मतदान प्रतिशत 13-13 रहा। इसी प्रकार मतदान का प्रतिशत बढ़ता गया और 11 बजे कवर्धा विधानसभा का प्रतिशत 23.44 और पंडरिया विधानसभा का 28.35 प्रतिशत रहा। दोपहर 1 बजे तक मतदान का प्रतिशत कवर्धा विधानसभा क्षेत्र का 46.32 प्रतिशत और पंडरिया विधानसभा क्षेत्र का 45.78 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार दोपहर 3 बजे तक मतदान का प्रतिशत लगातार बढ़ता गया और 3 बजे की स्थिति में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र का मतदान का प्रतिशत 59.84 और पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत 56.70 रहा। शाम 05 बजे तक जिले के सभी मतदान केन्द्रों में मतदान को लेकर उत्साह बना हुआ था। शाम पांच बजे की स्थिति में कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में 70.2 और पंडरिया विधानसभा क्षेत्र का 68.30 प्रतिशत रहा। खबर लिखे जाने तक मतदान के निर्धारित अंतिम समय 6 बजे के बाद भी शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं की लंबी लाईन लगने की सूचना मिल रही थी।

# जिले में एक परिवार के चार पीढ़ियों ने एक साथ मतदान करने मतदान केंद्र पहुंचे

## परदादा से लेकर परपोते ने मनाया लोकतंत्र पर्व का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

कबीरधाम जिले के कवर्धा राम नगर निवासी शर्मा परिवार जिसकी एक नहीं, दो नहीं, बल्कि चार पीढ़ियों ने लोकतंत्र की इस महापर्व को उत्सव के साथ मनाया। घर की सबसे बुजुर्ग 85 वर्षीय नरोत्तम राम शर्मा ने अपने परिवार को शुक्रवार को मतदान केंद्र तक पहुंचकर वोट डालने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने परिवार के बच्चों को यही बताया कि सभी कामों को छोड़कर वो सबसे पहले वोट करें, क्योंकि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान बहुत जरूरी है। कोई भी काम इससे ज्यादा जरूरी नहीं हो सकता है। नरोत्तम राम शर्मा के साथ उनके बेटे उमेश शर्मा, पोते दीप शर्मा और परपोते नव्यदीप शर्मा सहित




परिवार के सभी सदस्यों ने राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के कवर्धा विधानसभा में कैलाश नगर स्थित बूथ क्रमांक 245 लोकतंत्र के महापर्व पर अपने मताधिकार का उपयोग किया।

## जिला मुख्य न्यायाधीश श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे ने किया मतदान




हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

कबीरधाम जिले की जिला मुख्य न्यायाधीश श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे ने कवर्धा के गंगा नगर स्थित आदर्श मतदान केंद्र शासकीय प्राथमिक स्कूल में पहुंच कर मतदान किया। उन्होंने मतदाताओं के साथ लाइन लगाकर अपनी पारी का इंतजार किया और मतदान के बाद सेल्फी जोन में पहुच कर अपनी सेल्फी फ़ोटो भी ली। उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने का आग्रह भी किया।

### वनवासी ग्रामीण को समझाइस दी की चिरौंजी फल पकने के बाद तोड़ाई करेः वन विभाग

# चिरौंजी गुठली के संग्रहण कार्य में कठिन परिश्रम को देखते हुए क्रय दरों में वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

चिरौंजी गुठली का संग्रहण 15 अप्रैल से 31 मई तक होता है। इस तपती धूप में ग्रामीण चार वृक्षों की रखवाली करता है। फल आने पर जमीन पर कपड़ा बिछाकर फल तोड़कर संग्रहित कर अपने घरों में ले जाता है। फलों से गुदा निकालने के पश्चात बिक्री करता है।

वनवासियों के कठिन परिश्रम को देखते हुए इस वर्ष चिरौंजी गुठली के क्रय दरों को 200 रूपए से बढ़ाकर ग्रेड बनाकर 350 रूपए तक कर दिया है। वही कबीरधाम जिले के अंतर्गत पंडरिया ब्लाक में सर्वाधिक चार वृक्ष है। इसमें देवानपटपर, भाकुर, छिन्दीडीह, बोहिल एवं भैंसाडबरा प्रमुख है। इस वर्ष चार उत्पादन बहुत मात्रा में हुआ है। वन मंडलाधिकारी शशि कुमार ने अधिक से अधिक मात्रा में चार गुठली क्रय करने हेतु वन अमले को निर्देशित किया है। वही ग्रामीण चोरी की डर से कच्चे हरे चिरौंजी गुठली फल तोड़ लेते है। इस कारण ग्रेड-01 की गुणवत्ता भी गिरकर ग्रेड-3 हो जाती है। इस कारण ग्रामीणों को लगभग 01 कि.ग्रा. पर 150 रूपए की हानि होती है।





इस हेतु ग्रामीणों को संगठित होकर ग्रामों के आस-पास रात को गश्त करने की समझाईस स्टाफ द्वारा दी गई। कोचियों का कम दर पर बिक्री न करने तथा ग्राम में ही स्व-सहायता समूहों को बिक्री करने की समझाईस दी गई। प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति के प्रबंधकों को संग्रहण के तीन दिन के अंदर ऑनलाईन भुगतान करने के निर्देश दिए गए। वन मंडलाधिकारी द्वारा परिक्षेत्र अधिकारियों को दल बनाकर गांव-गांव जाकर न्यूनतम समर्थन मूल्य के नए दरों से ग्रामीणों को अवगत कराने व दीवार लेखन कार्य वन धन मित्रों के माध्यम से करने के निर्देश दिए ताकि वनवासियों से अधिक से अधिक आय इस वर्ष प्राप्त हो सके। वही कच्चे चार गुठली का संग्रहण ग्रामीणों के द्वारा किया जा रहा है। ग्राम दियाबार देवानपटपर, भाकुर के ग्रामीणों को समझाइस दी गई कि चिरौंजी फल पकने के पश्चात ही तोड़ाई करें। फल तोड़ने के पश्चात दो दिनों तक जूट बोरा में रखने के पश्चात चार गुठली को रगड़ने पर गुदा रहित बीज की क्रय किया जाए।

एक किग्रा चिरौंजी गुठली को लेकर जाता में दलने के पश्चात यदि 150 ग्राम से 190 ग्राम तक चिरौंजी दाना प्राप्त होता है तो ग्रेड-3 हेतु राशि 190 रूपए इसी क्रम में एक किग्रा चिरौंजी गुठली को दलने पर 151 ग्राम से 200 ग्राम तक चिरौंजी दाना प्राप्त होता है तो ग्रेड-2 राशि 270 रूपए तथा एक किग्रा चिरौंजी गुठली को दलने पर 201 से 250 ग्राम तक या उससे अधिक वजन चिरौंजी दाना प्राप्त होने पर ग्रेड-1 राशि 350 रूपए से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर क्रय करने के निर्देश दिए गए।